# Internal Hackathon organised at CUH

## Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Aaj Samaj** **Date: 30-09-2025**



महेंद्रगढ़। इंटरनल हैकथॉन का दीप प्रज्ज्वलन कर उद्घाटन करते अतिथिगण।

# हकेंवि में हुआ इंटरनल हैकथॉन 2025 का हुआ आयोजन

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के इंटरप्रिंयोर सेल, सेंटर फॉर इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन व इंस्टिट्यूट इनोवेशन काउंसिल के संयुक्त प्रयासों से सोमवार को इंटरनल हैकथॉन 2025 का आयोजन किया गया। यह आयोजन स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2025 की ओर एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। इस आयोजन में बाहरी विशेषज्ञ के रूप में पंजाब विश्वविद्यालय में बायोनेस्ट इनक्यूबेशन सेंटर के समन्वयक प्रो. रोहित शर्मा व डीएफएम फूड्स लिमिटेड के बिजनेस हेड कुलदीप बिशला उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईआईसी की अध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने की। यह आयोजन मुख्य संरक्षक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार व संरक्षक समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में हुआ। विश्वविद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 25 टीमों में शामिल 150 विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने नवाचार के महत्त्व पर प्रकाश डाला। प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने कहा कि यह आयोजन प्रतिभागियों को कुछ नया सीखने समझने और उसके अनुरूप स्वयं को तैयार करने का एक प्रयास है। कार्यक्रम की शुरूआत में इंटरप्रिंयोर सेल के संयोजक डॉ. अजय कुमार ने विषय प्रस्तुत किया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 30-09-2025**

# हैकथान में 150 छात्रों ने दिखाया नवाचार का दम

संस, जागरण • महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) के इंटरप्रिन्योर सेल, सेंटर फार इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन (सीआइआइ) और इंस्टिट्यूट इनोवेशन काउंसिल (आइआइसी) के संयुक्त प्रयास से सोमवार को इंटरनल हैकथान का आयोजन किया गया। आयोजित में 25 टीमों के 150 छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और नए इनोवेटिव आइडिया प्रस्तुत किए। बाहरी विशेषज्ञ के रूप में पंजाब विश्वविद्यालय बायोनेस्ट इनक्यूबेशन सेंटर के समन्वयक प्रो. रोहित शर्मा और डीएफएम फूड्स लिमिटेड के बिजनेस हेड कुलदीप बिशला उपस्थित रहे।



प्रो. रोहित शर्मा को स्मृति चिह्न देते कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार • सौ- हेकेवि

कार्यक्रम की अध्यक्षता आइआइसी की अध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने की। मुख्य संरक्षक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार और संरक्षक समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में यह आयोजन हुआ। कुलपति ने कहा कि अच्छे आइडिया के लिए फंड की कोई कमी नहीं है। प्रो. रोहित शर्मा ने प्रतिभागियों को बेहतर आइडिया तैयार करने और उसे मूर्त रूप देने के लिए प्रेरित किया, जबकि कुलदीप बिशला ने कहा कि बदलाव के इस युग में युवाओं का सक्रिय भागीदारी निभाना और विकसित भारत निर्माण में योगदान देना अत्यंत आवश्यक है। प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने कहा कि यह आयोजन प्रतिभागियों को कुछ नया सीखने और अपने कौशल को निखारने का मंच प्रदान करता है। कार्यक्रम की शुरुआत में इंटरप्रिन्योर सेल के संयोजक डा. अजय कुमार ने विषय प्रस्तुत किया और आंतरिक विशेषज्ञों में शामिल स्कूल आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अधिष्ठाता प्रो. विकास गर्ग, शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. पवन मौर्य, सूक्ष्म जीवविज्ञान विभाग के प्रो. सुरेन्द्र सिंह और जैव प्रौद्योगिकी विभाग के प्रो. रूपेश देशमुख का स्वागत किया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Haribhoomi** **Date: 30-09-2025**



महेंद्रगढ़। इंटरनल हैकथॉन का दीप प्रज्ज्वलन कर उद्घाटन करते अतिथिगण।

# हकेंवि में हुआ इंटरनल हैकथॉन 2025 का हुआ आयोजन

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के इंटरप्रियोर सेल, सेंटर फॉर इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन व इंस्टिट्यूट इनोवेशन काउंसिल के संयुक्त प्रयासों से सोमवार को इंटरनल हैकथॉन 2025 का आयोजन किया गया। यह आयोजन स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2025 की ओर एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। इस आयोजन में बाहरी विशेषज्ञ के रूप में पंजाब विश्वविद्यालय में बायोनेस्ट इनक्यूबेशन सेंटर के समन्वयक प्रो. रोहित शर्मा व डीएफएम फूड्स लिमिटेड के बिजनेस हेड कुलदीप बिशला उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईआईसी की अध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने की। यह आयोजन मुख्य संरक्षक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार व संरक्षक समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में हुआ। विश्वविद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 25 टीमों में शामिल 150 विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने नवाचार के महत्त्व पर प्रकाश डाला। प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने कहा कि यह आयोजन प्रतिभागियों को कुछ नया सीखने समझने और उसके अनुरूप स्वयं को तैयार करने का एक प्रयास है। कार्यक्रम की शुरूआत में इंटरप्रियोर सेल के संयोजक डॉ. अजय कुमार ने विषय प्रस्तुत किया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

## Public Relations Office

**Newspaper: India News Calling** **Date: 30-09-2025**

### Internal Hackathon organised at CUH

September 29, 2025 07:01 PM



MAHENDERGARH, 29.09.25-The Entrepreneurship Cell, Centre for Innovation and Incubation (CII), and Institution's Innovation Council (IIC) of the Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh jointly organized the Internal Hackathon 2025 on Monday. The event served as a significant step towards the Smart India Hackathon 2025 and witnessed enthusiastic participation from around 150 students representing nearly 25 teams, who showcased their creativity and problem-solving skills.

The event was conducted under the guidance of Chief Patron, CUH Vice-Chancellor Prof. Tankeshwar Kumar, and Patron, Pro-Vice Chancellor Prof. Pawan Kumar Sharma. The inaugural session was chaired by Prof. Sunita Srivastava, Chairperson, IIC.

External experts for the event included Prof. Rohit Sharma, Coordinator, BioNEST Incubation Centre, Panjab University, and Mr. Kuldeep Bishla, Business Head, DFM Foods Ltd., who encouraged participants to refine their ideas and bring them to fruition. Prof. Sharma emphasized that such initiatives are instrumental in nurturing talent and fostering innovative thinking, while Mr. Bishla highlighted that the current era is one of rapid transformation, urging students to become active contributors to building a developed India.

Prof. Tankeshwar Kumar highlighted the importance of innovation, stressing that active participation and collaboration are crucial to success. He stated that when ideas are promising, funding is never a limitation. He appreciated that events like these not only inspire students to think differently but also build their risk-taking abilities, essential for entrepreneurship and nation-building.

Prof. Sunita Srivastava remarked that the event was an effort to equip students with new knowledge and skills, preparing them for future challenges. She also acknowledged the valuable presence of jury members, which added to the participants' learning experience.

The event began with a welcome address and theme presentation by Dr. Ajay Kumar, Convener of the Entrepreneurship Cell, who also welcomed internal experts including Prof. Vikas Garg, Dean, School of Engineering and Technology; Prof. Pawan Maurya, Dean, Academics; Prof. Surender Singh, Department of Microbiology and Prof. Rupesh Deshmukh, Department of Biotechnology. The hackathon was organized under the guidance of Dr. Ajay Kumar and Dr. Muralidhar Nayak Bhukya, with active contributions from the Entrepreneurship Cell, CII, IIC. Dr. Sandeep Boora, Dr.

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 30-09-2025**

## 150 विद्यार्थियों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के इंटरप्रिंयोर सेल, सेंटर फॉर इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन व इंस्टिट्यूट इनोवेशन काउंसिल के संयुक्त प्रयासों से सोमवार को इंटरनल हैकथॉन-2025 का आयोजन किया गया। आयोजन में पंजाब विश्वविद्यालय में बायोनेस्ट इनक्यूबेशन सेंटर के समन्वयक प्रो. रोहित शर्मा और डीएफएम फूड्स लिमिटेड के बिजनेस हेड कुलदीप बिशला उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 25 टीमों में शामिल 150 विद्यार्थियों ने प्रतिभा दिखाई। संवाद

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited ‘A’ Grade University**

## Public Relations Office

**Newspaper: Gurgaon Today** **Date: 01-10-2025**

# हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में हुआ इंटरनल हैकथॉन 2025 का आयोजन

**सुरेंद्र चौधरी, गुड़गांव टुडे**





**नारनौल।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के इंटरप्रिंयोर सेल, सेंटर फॉर इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन (सीआईआई) व इंस्टिट्यूट इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) के संयुक्त प्रयासों से सोमवार को इंटरनल हैकथॉन-2025 का आयोजन किया गया। यह आयोजन स्मार्ट इंडिया हैकथॉन-2025 की ओर एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। इस आयोजन में बाहरी विशेषज्ञ के रूप में पंजाब विश्वविद्यालय में बायोनेस्ट इनक्यूबेशन सेंटर के समन्वयक प्रो. रोहित शर्मा तथा डीएफएम फूड्स लिमिटेड के बिजनेस हेड श्री कुलदीप बिशला उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईआईसी की अध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने की। यह आयोजन मुख्य संरक्षक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार व संरक्षक समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में हुआ।विश्वविद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 25 टीमों ने में शामिल 150 विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजन में उपस्थित विशेषज्ञ प्रो. रोहित शर्मा ने कहा कि यह आयोजन अवश्य ही नई प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें नई सोच प्रदान करने में मददगार साबित होगा। उन्होंने प्रतिभागियों को बेहतर आइडिया तैयार करने और उसे मूर्त रूप प्रदान करने के लिए प्रेरित किया। इसी क्रम में कुलदीप बिशला ने कहा कि आज का समय बदलाव का समय है। सभी क्षेत्रों में तेजी से बदलाव देखने को मिल रहा है। ऐसे में आप भी इस परिवर्तन में साझेदार बनते है, तो आप विकसित भारत के निर्माण में योगदान दे सकते हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने नवाचार के महत्त्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नवाचार के लिए आवश्यक है कि जनमानस की सक्रिय भागीदारी के साथ आगे बढ़ा जाए और इसमें सभी सहभागियों का सहयोग अनिवार्य है।कुलपति ने इस सफल आयोजन के लिए आयोजको व विशेषज्ञों का आभार जताया। प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने इस अवसर पर कहा कि यह आयोजन प्रतिभागियों को कुछ नया सीखने-समझने और उसके अनुरूप स्वयं को तैयार करने का एक प्रयास है। उन्होंने आयोजन में उपस्थित निर्णायक मंडल के प्रतिनिधियों की उपस्थिति को भी प्रतिभागियों के लिए उपयोगी बताया। कार्यक्रम की शुरुआत में इंटरप्रिंयोर सेल के संयोजक डॉ. अजय कुमार ने विषय प्रस्तुत किया। उन्होंने आयोजन में उपस्थित आंतरिक विशेषज्ञों में शामिल स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अधिष्ठाता प्रो. विकास गर्ग, शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. पवन मौर्य, सूक्ष्म जीवविज्ञान विभाग के प्रो. सुरेन्द्र सिंह और जैव प्रौद्योगिकी विभाग के प्रो. रूपेश देशमुख का स्वागत किया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. अजय कुमार व डॉ. मुरलीधर नायक भुक्या के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम के आयोजन में उद्यमिता प्रकोष्ठ, सीआईआई व आईआईसी सहित डॉ संदीप बूरा, डॉ. विष्णु कुचेरिया तथा इंजीनियर तरुण ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजन में मंच का संचालन डॉ. नीलम यादव ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सुनील कुमार ने प्रस्तुत किया।